विभिन्न चौक चौराहे के फाउंटेन का होगा संधारण, शहर के सौंदर्यीकरण का प्रमुख अंग है फाउंटेन, राहगीरों को करेगा आकर्षित

भिलाईनगर/महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने चौक चौराहा के सौंदर्यीकरण करने की दिशा में पहल करते हुए इसके संबंध में विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर चर्चा करते हुए निर्देश भी दिए हैं जिसके अंतर्गत फाउंटेन को भी व्यवस्थित किया जाना है जिसके लिए आयुक्त के निर्देश पर प्रमुख चौक चौराहों के अंतर्गत स्थापित फाउंटेन का संपूर्ण रूप से संधारण कार्य किया जाना है! शहरों में लगे हुए फाउंटेन काफी वर्षों से बंद पड़े हुए हैं जिन्हें अब चालू किया जाएगा दूर से ही आकर्षण का केंद्र नजर आने वाले फाउंटेन मनमोहक प्रतीत होते है , इसमें लगे हुए रंग-बिरंगे लाइट रात्रि में भी शहर के रौनक को चार चांद लगाते हैं! जोन 1 के सहायक अभियंता सुनील दुबे ने बताया कि जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जुनवानी चौक , भारत माता गार्डन नेहरू नगर , नेहरू नगर चौक, नगर निगम मुख्य कार्यालय के सामने एफ 1 एवं एफ 2 तथा इलाहाबाद बैंक के सामने साडा ऑफिस सुपेला, गांधी चौक सुपेला, आकाशगंगा सुपेला, प्रियदर्शनी परिसर, श्री राम चौक हुडको एवं भगत सिंह चौक सुपेला मे स्थापित फाउंटेन का संधारण कार्य किया जाना है जिसमें खराब हुए नोजल , लाइट, पाइप कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन, मोटर, टूट-फूट आदि का संधारण कार्य किया जाकर फाउंटेन को चालू किया जाना है! जल्द ही फिर से फाउंटेन लोगों को अपने नए स्वरूप में दिखाई देगा जिसके लिए एक-दो दिन में कार्य आदेश जारी करते हुए संधारण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है